# अध्याय 12 बिल बनाना

JA39HK

एक दिन अंजली को माँ ने कुछ सामान खरीदने के लिए दुकान भेजा। दुकान पहुँचकर अंजली ने दुकानदार से कुछ सामानों का मूल्य




पूछा। दुकान में भीड़ होने की वजह से दुकानदार ने उससे मूल्य सूची देखने की बात कही। अंजली ने मूल्य सूची देखी जो इस प्रकार थी –

## छ. ग. किराना दुकान, अमोदा

### मूल्य सूची

| क्र. | वस्तु | मूल्य |
|---|---|---|
| 1 | गेहूँ | 20 रु. प्रति किलोग्राम |
| 2 | शक्कर | 40 रु. प्रति किलोग्राम |
| 3 | अरहर दाल | 70 रु. प्रति किलोग्राम |
| 4 | आलू | 10 रु. प्रति किलोग्राम |
| 5 | प्याज | 10 रु. प्रति किलोग्राम |
| 6 | फल्ली तेल | 80 रु. प्रति लीटर |

अंजली ने दुकानदार से पूछा– गेंहू 20 रु. प्रति किलोग्राम का क्या मतलब है? दुकानदार ने बताया इसका मतलब है, एक किलोग्राम गेहूँ का मूल्य 20 रु. है। अंजली ने कहा– अच्छा! अब उसने पूरी मूल्य सूची देखी और माँ के द्वारा बताई गई वस्तुएँ खरीदी उसने दुकानदार से बिल बनवाया।

दुकानदार द्वारा दिया गया बिल इस प्रकार का था –

बिल

मोबा. 7987599626

**छ. ग. किराना दुकान, अमोदा**

क्र. - 03 दिनाँक 06/07/2017

नाम अंजली

| क्र. | सामान विवरण | मात्रा | दर (रु. में) | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आलू | 2 कि.ग्रा. | 10/- | 20/- |
| 2 | प्याज | 1 कि.ग्रा. | 10/- | 10/- |
| 3 | शक्कर | 1 कि.ग्रा. | 40/- | 40/- |
| | | | योग | 70/- |

हस्ताक्षर
छ. ग. किराना दुकान, अमोदा

बिट्टू ने उसी दुकान से 2 किलोग्राम गेहूँ और 1 लीटर तेल खरीदा। दुकानदार ने इसके लिए बिल कैसे बनाया होगा?

बिल

मोबा. 7987599626

**छ. ग. किराना दुकान, अमोदा**

क्र. - ...................... दिनाँक ......................

नाम ......................

| क्र. | सामान विवरण | मात्रा | दर (रु. में) | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | योग | |

हस्ताक्षर
छ. ग. किराना दुकान, अमोदा

मीता ने भी 1 किलोग्राम आलू, 1 किलोग्राम प्याज और 1 किलोग्राम दाल खरीदा। इसके लिए बिल बनाओ।

बिल

मोबा. 7987599626

## छ. ग. किराना दुकान, अमोदा

क्र. – ........................ दिनाँक........................

नाम ........................................................................................................................

| क्र. | सामान विवरण | मात्रा | दर (रु. में) | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | योग | |

हस्ताक्षर
छ. ग. किराना दुकान, अमोदा

तुम सामान खरीदने जब भी दुकान जाते हो तो वहाँ मूल्य सूची जरूर देखो और अपने खरीदे सामान के लिए खुद बिल बनाओ।

JAC5J8